दैनिक जागरण 30/11/2025

# वेस्ट टू वेल्थ के तहत विद्यार्थियों को कपड़े बांटे




जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी व प्राचार्य। विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में वेस्ट टू वेल्थ पहल के अंतर्गत कपड़ादान अभियान आयोजित किया गया।

दो दिन चले इस कपड़ादान अभियान का आयोजन ईको क्लब, एनएसएस यूनिट, एसडीजी क्लब, स्वच्छ भारत मिशन सेल और समाजशास्त्र विभाग द्वारा नगर परिषद अंबाला सदर के सहयोग से किया गया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य कचरे से कीमती वस्तु की अवधारणा को प्रोत्साहित करना और सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं के लिए आय-सृजन के अवसरों को सशक्त करना था। इस अभियान की संकल्पना, योजना और सफल संचालन में कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त का दूरदर्शी नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उनके स्पष्ट दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग ने न केवल कार्यक्रम को व्यवस्थित बनाया।